राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 30 मई । राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा तथा आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री परसादी लाल मीणा तथा श्री गोविन्द राम मेघवाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्रियों के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री गजेन्द्रसिंह सांखला एवं श्रीमती प्रतिष्ठा यादव मौजूद रही।

चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 31 मई, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भजनलाल जाटव तथा सैनिक कल्याण, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र सिंह गुढा जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, सचिव श्री महेन्द्रसिंह गुर्जर एवं श्री ललित यादव इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter